*संपादकीय*

# शराब नीति में हेरा-फेरी

**आम आदमी पार्टी (आप) के क्रियाकलाप पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट अंततः दिल्ली विधानसभा के पटल पर रख दी गई।**

**कुल चौदह मामलों पर कैग ने रिपोर्ट तैयार की हैं, लेकिन जिस रिपोर्ट पर सबकी नजर लगी थीं, वह आबकारी नीति के संबंध में है। इस रिपोर्ट में शराब नीति को लेकर कोई व्यवस्था जितनी तरह की लापरवाहियां बरत सकती है, जितनी तरह की अनियमितताएं कर सकती है, और विभिन्न हित समूहों के लिए भ्रष्टाचार की जितनी गुंजाइशें छोड़ी जा सकती हैं, उन सबका उल्लेख किया गया है।**

**पुरानी नीति की प्रक्रियागत खामियों को दूर करने के लिए ही नई नीति का मसौदा तैयार किया था लेकिन नई नीति के क्रियान्वयन में विशेषज्ञ समिति के अनेक सुझावों को दरकिनार किया गया। दिल्ली में शराब वितरण केंद्रों की न केवल संख्या बढ़ा दी गई, बल्कि वितरण उन क्षेत्रों में भी पहुंचा दिया गया जहां पहले प्रतिबंधित था यानी स्कूल और आवासीय परिसरों के निकट। उत्पादन और वितरण की एजेंसियां भी मनमाने ढंग से चयन किया गया।**

**उन संस्थाओं को ठेके दे दिए गए जो पात्रता नहीं रखती थीं और रखती भी थीं तो उन्हें जरूरत से ज्यादा खुदरा विक्रय केंद्र आवंटित कर दिए गए। रिपोर्ट में यह उल्लेख स्पष्ट है कि शराब नीति में हेरा-फेरी और उसके क्रियान्वयन में जो तौर-तरीके अपनाए गए उनके चलते लगभग दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा नुकसान दिल्ली सरकार को हुआ।**

**यह तभी हो सकता है, जब नुकसान की राशि का कुछ न कुछ हिस्सा उन लोगों के पास पहुंचा हो जिन्होंने नुकसान होने दिया और इसी ने ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के लिए जांच की स्थितियां तैयार की जिसके कारण तबके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह जैसे लोगों को जेल जाना पड़ा।**

**यह रिपोर्ट लोक लेखा समिति को भेज दी गई है। उसकी रिपोर्ट मिलने पर शेष स्थितियां उजागर होंगी। लेकिन आप की सरकार अपने ऊंचे-ऊंचे वादों, विचारों के पैमानों पर असफल हुई और दुखद यह है कि पराजय के बाद भी उसके नेताओं ने सबक नहीं लिया है। वे शुद्ध राजनीति पर लौटने की बजाय हंगामा खड़ा करने में अब भी ज्यादा भरोसा किए हुए हैं।**

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बायोफ्यूल उत्पादक देश बनकर उभरा 'भारत' : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली**



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि ग्लोबल एनर्जी लैंडस्केप में भारत ने अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए तीसरे सबसे बड़े बायोफ्यूल उत्पादक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो कि स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दिखाता है।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में बताया, भारत ने इस साल जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल कर लिया है और मूल 2030 शेड्यूल से पांच साल पहले ही 20 प्रतिशत हासिल करने की तैयारी है, जिससे ईंधन आयात और उत्सर्जन में कमी आएगी।

आधिकारिक अनुमान के अनुसार, पिछले 10 वर्षों के दौरान इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की है क्योंकि यह गन्ने से बनाया जाता है, जो ग्रामीण रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है। साथ ही 1.75 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर सीओ2 उत्सर्जन में कमी आई है और इसके परिणामस्वरूप 85,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इस प्रयास में सबसे आगे रही हैं, जिन्होंने देश भर में पेट्रोल के साथ इथेनॉल के अलग-अलग ब्लेंड पेश किए हैं।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 131 डेडिकेटेड इथेनॉल प्लांट के साथ समझौते किए हैं। इन प्लांट से 745 करोड़ लीटर की वार्षिक उत्पादन डिजाइन क्षमता जुड़ने की उम्मीद है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने हाईर ब्लेंडिंग प्रतिशत को संभालने के लिए स्टोरेज कैपेसिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में भी निवेश किया है।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि ई100 ईंधन अब देश भर में 400 से अधिक आउटलेट पर उपलब्ध है, जो भारत को स्वच्छ, हरित भविष्य के करीब ले जा रहा है। यह प्रगति, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी की यात्रा है।

पेट्रोलियम मंत्री ने सबसे पहले मार्च 2024 में इंडियन ऑयल के 183 आउटलेट पर इथेनॉल (ई) 100 ईंधन लॉन्च किया। इसकी उच्च-ऑक्टेन रेटिंग के साथ, जो आमतौर पर 100-105 के बीच होती है, इथेनॉल 100 उच्च-प्रदर्शन इंजनों के लिए बेहतर साबित होता है, जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए बेहतर दक्षता और बिजली उत्पादन सुनिश्चित करता है।

इसके अलावा, इथेनॉल 100 का इस्तेमाल कई तरह के वाहनों में किया जा सकता है, जिसमें गैसोलीन, इथेनॉल या दोनों के किसी भी मिश्रण पर चलने के लिए डिजाइन किए गए फ्लेक्स-फ्यूल वाहन शामिल हैं।

पुरी ने कहा, शांत शहर डिगबोई से दुनिया के टॉप एनर्जी बाजारों तक, भारत की पेट्रोलियम यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित लचीलेपन और प्रगति की कहानी है।

इस संदर्भ में, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत अब एलएनजी टर्मिनल क्षमता में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है, जो एक स्थिर और सुरक्षित एनर्जी सप्लाई सुनिश्चित करता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी: न्यूजीलैंड पर जीत के बाद विराट कोहली को मिला फील्डर ऑफ द मैच मेडल

**दुबई**



भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम ग्रुप मैच में शानदार फील्डिंग के लिए फील्डर ऑफ द मैच मेडल से सम्मानित किया गया।

इस मैच में वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर भारत को 44 रन से जीत दिलाई, जिससे टीम ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर रही। अब भारत मंगलवार को दुबई में पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जबकि न्यूजीलैंड बुधवार को लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा।

मैच के बाद भारतीय फील्डिंग कोच टी दिलीप ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की प्रशंसा की और सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग के दावेदारों की घोषणा की। इसके बाद ट्रेनिंग असिस्टेंट उडेनाका नुवान सेनेविरत्ने ने यह मेडल कोहली को सौंपा, जो अपने करियर के 300वें वनडे में खेल रहे थे। टी दिलीप ने बीसीसीआई द्वारा उसकी वेबसाइट पर पोस्ट एक वीडियो में कहा, हम हमेशा बेहतरीन फील्डिंग टीम बनने की बात करते हैं। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि खिलाड़ी कितने सक्रिय हैं। अलग-अलग मौकों पर हमने शानदार फील्डिंग की। जब मिचेल बल्लेबाजी के लिए आए, तो हमने उन्हें स्ट्राइक रोटेट नहीं करने दी। आउटफील्ड से तेज थ्रो भी शानदार रहे।

उन्होंने आगे कहा, पुरस्कार के दावेदारों में पहला नाम अक्षर पटेल का है, जिन्होंने सुपरमैन जैसी कैचिंग दिखाई। हर मैच में उन्होंने बेहतरीन फील्डिंग की। दूसरा नाम विराट कोहली का है, जो हमेशा सही स्थान पर रहते हैं और जरूरी कैच पकड़ते हैं। तीसरा नाम श्रेयस अय्यर का है, जिन्होंने कई बार डाइव लगाई।

इस मैच में कोहली 300 वनडे खेलने वाले भारत के सातवें खिलाड़ी बने। उनसे पहले यह उपलब्धि सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, एमएस धोनी, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरव गांगुली और युवराज सिंह ने हासिल की थी।

## पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच की मुश्किलें बढ़ीं, मामले में कोर्ट ने दिए एफआईआर दर्ज करने के आदेश

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रमुख माधबी पुरी बुच और पांच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के आरोपों में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने का आदेश दिया है। विशेष भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगड़ ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया नियमों के उल्लंघन और मिलीभगत के प्रमाण मौजूद हैं, जिसके लिए एक निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच आवश्यक है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह इस जांच की निगरानी करेगी और मामले की स्थिति रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश शेयर बाजार में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले के संदर्भ में आया है, जिसमें माधबी पुरी बुच और अन्य व्यक्तियों पर नियामक प्रावधानों का उल्लंघन करने और धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है। अदालत के इस आदेश से मामले की औपचारिक जांच का मार्ग प्रशस्त हो गया है और आने वाले दिनों में इस मामले में और अधिक जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी की पूंजी प्रबंधन यात्रा शानदार, मेगा सोलर-विंड क्लस्टर के लिए 1.06 बिलियन डॉलर किया रिफाइनेंस

**अहमदाबाद**

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि कंपनी ने राजस्थान में भारत के सबसे बड़े सोलर-विंड हाइब्रिड रिन्यूएबल क्लस्टर को बनाने के लिए 1.06 बिलियन डॉलर का रिफाइनेंस किया है, जो कि कंपनी की कैपिटल मैनेजमेंट जर्नी को लेकर एक और मील का पत्थर साबित हुआ है।

भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी ने 2021 में लिए गए 1.06 बिलियन डॉलर की बकाया राशि के साथ अपनी पहली कंस्ट्रक्शन फैसिलिटी का सफलतापूर्वक रिफाइनेंस किया।

कंपनी ने यह भी बताया कि इसकी निर्माण फैसिलिटी को पुनर्वित्त (रिफाइनेंस) करने के लिए जुटाई गई दीर्घकालिक वित्तपोषण की अवधि 19 साल है, जिसमें अंतर्निहित परिसंपत्ति जीवन के अनुरूप पूरी तरह से परिशोधित ऋण संरचना है।

मजबूत परिचालन प्रदर्शन ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, कंस्ट्रक्शन फैसिलिटी को तीन घरेलू रेटिंग एजेंसियों द्वारा एए प्लस/स्टेबल रेटिंग दी गई है।

इस सफलता के साथ, एजीईएल ने अंतर्निहित परिसंपत्ति पोर्टफोलियो के लिए अपने कैपिटल मैनेजमेंट कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसमें दीर्घकालिक सुविधाएं हासिल करना शामिल है जो उस पोर्टफोलियो के कैश फ्लो लाइफसाइकल के साथ पूरी तरह से जुड़ी हैं।

इस कार्यक्रम का फ्रेमवर्क पूंजी के विविध स्रोतों तक गहरी पहुंच के माध्यम से महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है, जिससे लंबी अवधि के साथ बड़ी रकम सुरक्षित होती है।

कंपनी ने कहा, यह अप्रोच न केवल वित्तीय स्थिरता को बढ़ाता है, बल्कि एजीईएल की अपनी विकास गति को जारी रखने और हितधारकों को स्थायी मूल्य सृजन प्रदान करने की क्षमता भी सुनिश्चित करता है।

एजीईएल के पास वर्तमान में 12.2 गीगावाट का ऑपरेटिंग रिन्यूएबल पोर्टफोलियो है, जो देश में सबसे बड़ा है और 12 राज्यों में फैला हुआ है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव न करे टीम इंडिया : शास्त्री

**दुबई**



भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में बिना किसी बदलाव के विजयी टीम के साथ उतरना चाहिए। उन्होंने इसका कारण यह बताया कि टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 रन की जीत के दौरान दुबई की परिस्थितियों का अच्छा अनुभव लिया है।

भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। खास बात यह है कि 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवर के किसी भी आईसीसी नॉकआउट मुकाबले में यह पहली भिड़ंत हो रही है। उस मैच में भारत को अहमदाबाद में हार का सामना करना पड़ा था।

शास्त्री ने आईसीसी के इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए क्योंकि अगले मैच के लिए केवल 48 घंटे का समय है। पिच पर खिलाड़ियों के दौड़ने से असर पड़ा है और वही पिच अगले मैच में इस्तेमाल होगी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका फिर से अहम रहेगी।

रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में भारत ने दुबई की धीमी पिच को देखते हुए चार स्पिनरों - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती - को खिलाया था। इन चारों ने कुल मिलाकर 9 विकेट लिए, जिसमें चक्रवर्ती सबसे सफल रहे। उन्होंने 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए, जो इस टूर्नामेंट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

शास्त्री ने सही समय पर चक्रवर्ती को मौका देने के लिए टीम मैनेजमेंट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, अगर आप उनकी मौजूदा फॉर्म देखें, तो यह शानदार है। मैं हमेशा मानता हूं कि वर्तमान फॉर्म सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनका आत्मविश्वास और बॉडी लैंग्वेज बेहतरीन है। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें इस टूर्नामेंट में बनी हुई हैं, लेकिन इनमें से किसी ने भी चक्रवर्ती को ज्यादा खेला नहीं है और न ही उन पर ज्यादा अध्ययन किया है।

## बागी 4 का खूंखार पोस्टर रिलीज, खून से लथपथ दिखे टाइगर श्रॉफ




बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ के 35वें जन्मदिन के मौके पर मोस्ट अवेटेड एक्शन थ्रिलर बागी 4 के मेकर्स ने शानदार तोहफा देते हुए एक नया पोस्टर शेयर किया है. इससे पहले मेकर्स टाइगर और संजय दत्त के पोस्टर शेयर कर चुके हैं जिन्हें देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में काफी खून खराबा दिखने को मिलेगा. वहीं हाल ही में रिलीज किया गया पोस्टर भी कुछ ऐसा ही है.

पहले पोस्टर की तरह ही इस पोस्टर में भी टाइगर खूंखार लग रहे हैं जो खून से लथपथ है. पोस्टर में उनका आधा चेहरा ही दिखाई दे रहा है लेकिन वे देखने में काफी खौफनाक लग रहे हैं. इस पोस्टर में भी उनके किरदार रॉनी को एक इंटेंस और खूनी अवतार में दिखाया गया है. फिल्म के प्रोडक्शन हाउस, नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने इंस्टाग्राम पर बागी 4 का पोस्टर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, हैप्पी बर्थडे टाइगर श्रॉफ आपको एक्शन से भरपूर साल की शुभकामनाएं, रॉनी.

पोस्टर में टाइगर सिगरेट पीते हुए कैमरे की तरफ एक इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं, उनके सिर से खून बहता हुआ उनके चेहरे पर दिख रहा है. इस पोस्टर पर लिखा है, इस बार वो पहले जैसा नहीं हैं. टाइगर श्रॉफ ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बागी 4 का नया पोस्टर शेयर किया और लिखा, जिस फ्रैंचाइज ने मुझे एक पहचान दी और मुझे खुद को एक एक्शन हीरो के रूप में साबित करने का मौका दिया, अब वही फ्रैंचाइज मेरी पहचान बदल रही है.

## सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार तंडेल, 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर



नागा चैतन्य और साई पल्लवी की तंडेल ने 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने के बाद सिनेमाघरों में धूम मचा दी थी। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया और दर्शकों से सराहना प्राप्त की। अब, यह कुछ ही दिनों में अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म की डिजिटल रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। तंडेल 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर कई भाषाओं में रिलीज होगी। इसकी घोषणा करते हुए ओटीटी पार्टनर ने लिखा, सरहदों के पार का सफर, हदों से परे की कहानी। तंडेल को 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में देखें।

तंडेल में राजू (नागा चैतन्य) बुज्जी (साई पल्लवी) नाम की लडक़ी से प्यार करता है। उनकी शादी से पहले वह उसकी सुरक्षा के लिए डरती है और उसे मछली पकडऩा बंद करने के लिए कहती है।

# भारत ने परिस्थितियों के हिसाब से ढलते हुए शानदार प्रदर्शन किया : मैट हेनरी

**दुबई**




भारत से 44 रन की हार के बाद, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने कहा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने हालात को अच्छी तरह समझकर शानदार खेल दिखाया। उन्होंने पहले ग्रुप ए के मैचों में दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच से जो अनुभव लिया था, उसका पूरा फायदा उठाया।

धीमी पिच पर भारत ने 50 ओवर में 249/9 का स्कोर बनाया, जिसमें श्रेयस अय्यर ने 79 रन और हार्दिक पांड्या ने आखिर में 45 रन जोडक़र टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में, वरुण चक्रवर्ती ने अपने सिर्फ दूसरे वनडे मैच में 42 रन देकर 5 विकेट झटके, जिससे न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर में 205 रन पर सिमट गई। अब न्यूजीलैंड बुधवार को लाहौर में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप बी की टॉप टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

हेनरी ने माना कि भारत ने चार मुख्य स्पिनर्स के साथ खेलकर हालात का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने कहा, भारत के पास हालात को अच्छी तरह समझने का अनुभव था, और उन्होंने उसी हिसाब से खेला। हमें पता था कि वे चार फ्रंटलाइन स्पिनर्स के साथ उतरेंगे, और उन्होंने वाकई शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने परिस्थितियों को अच्छी तरह पढ़ा और उसी के अनुसार गेंदबाजी की।

हेनरी ने चक्रवर्ती की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी स्किल दिखाई, गेंद को दोनों ओर घुमाया, और तेज गेंदें भी डालीं। वह शानदार थे, और उनकी वजह से हम पूरे मैच में दबाव में रहे।

भारत के खिलाफ 5 विकेट लेने वाले हेनरी ने कहा कि उनकी टीम सेमीफाइनल में हार की निराशा के साथ नहीं उतरेगी। उन्होंने कहा, हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। इस मैच से हमने कुछ सीखा है, और जब हम पाकिस्तान में खेलेंगे तो वहां के हालात को समझकर खेलना जरूरी होगा।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

***वृष-*** आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

***मिथुन-*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

***कर्क-*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी।

***सिंह-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे।

***कन्या-*** आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा।

***तुला-*** आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे।

***धनु-*** आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे।

***मकर-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा।

***कुंभ-*** आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा।

***मीन-*** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

## त्रिशा कृष्णन ने गुड बैड अग्ली में राम्या की भूमिका निभाने तैयार



अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन, जो 'पोन्नियिन सेल्वन', 'लियो', '96' और अन्य फिल्मों के लिए जानी जाती हैं, आगामी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' में राम्या की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

फिल्म के निर्माताओं ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने फॉलोअर्स के साथ यह खबर साझा की।

'गुड बैड अग्ली' एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन आदिक रविचंद्रन ने किया है और इसका निर्माण मैथ्री मूवी मेकर्स और टी-सीरीज फिल्म्स ने किया है।

इस फिल्म में अजित कुमार, प्रभु, प्रसन्ना, अर्जुन दास, सुनील, राहुल देव, योगी बाबू और शाइन टॉम चाको भी हैं। फिल्म की घोषणा 2023 के अंत में वर्किंग टाइटल एके63 के तहत की गई थी, क्योंकि यह अजित की मुख्य अभिनेता के रूप में 63वीं फिल्म है, और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा मार्च 2024 में की गई थी।

मुख्य फोटोग्राफी अगले मई में हैदराबाद में शुरू हुई, साथ ही स्पेन में छिटपुट कार्यक्रम भी हुए, और दिसंबर की शुरुआत में इसे पूरा किया गया। फिल्म का संगीत जी. वी. प्रकाश कुमार ने तैयार किया है।

इससे पहले, अभिनेत्री ने साझा किया था कि 'बृंदा' के बारे में उन्हें क्या दिलचस्पी थी, जो उनकी ओटीटी सीरीज़ की शुरुआत थी।

बृंदा में वह एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो उनके लिए पहली बार है। उन्होंने बताया कि उन्होंने फ्लाइट में स्क्रिप्ट के पन्नों को खंगाला।

इस सीरीज में इंद्रजीत सुकुमारन, जया प्रकाश, आमानी, रवींद्र विजय, आनंद सामी, राकेन्दु मौली और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जिसमें ड्रामा, अपराध और रहस्य के तत्वों को एक साथ पिरोया गया है, जो एक मनोरंजक देखने का अनुभव प्रदान करता है।

इस सीरीज की पटकथा सूर्या मनोज वंगाला और पद्मावती मल्लाडी ने लिखी है, जिसका संगीत शक्तिकांत कार्तिक ने दिया है और प्रोडक्शन डिजाइनर अविनाश कोल्ला हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 344

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 344

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.343 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |